UPSI180001252024

न्यायलय Civil Judge Junior Division Mahmudabad, Sitapur

पीठासीन अधिकारी- (Sushri Akshita Singh), **(उ०प्र० न्यायिक सेवा) - UP03730**

मूलवाद सं० Civil Suit/31/2024

Rajkumar Mishra Vs. Kedarnath and Others

19.01.2024

वादी द्वारा **श्री भारत सिंह यादव एडवोकेट** के माध्यम से वाद–पत्र बाबत **स्थाई निषेधाज्ञा** प्रस्तुत किया गया।

समस्त प्रपत्रों एवं मुंसरिम आख्या का अवलोकन किया गया।

आदेश

वाद दर्ज रजिस्टर हो। प्रतिवादीगण को सम्मन जारी हो। वादी पैरवी करे। पत्रावली वास्ते दाखिला जवाबदावा एवं वास्ते विरचन वादबिन्दु दिनांक 19.02.2024 को पेश हो।

सिविल जज जू0 डि0
महमूदाबाद, सीतापुर।

J.O. Code- UP3730

प्रार्थना–पत्र 6ग2

वादी/प्रार्थी द्वारा प्रा0 पत्र 6ग2 समर्थित शपथ–पत्र इस कथन के साथ प्रस्तुत किया गया है कि नक्शा वाद–पत्र में अक्षर अ,ब,स,द से प्रदर्शित स्थल रास्ता है जो कि वादी व प्रतिवादीगण के मध्य पूर्व में हुए समझौते के आधार पर छोड़ा गया था। कुंआ, मन्दिर सार्वजनिक हित की भूमि है जिसे भी प्रतिवादीगण अपने कब्जे में करके रास्ते को अवरूद्ध कर देना चाहते हैं। वादीय रास्ते पर वादी व प्रतिवादीगण को किसी तरीके से निर्माण कार्य करने या रास्ते को अवरूद्ध करने का कोई अधिकार नहीं है। प्रतिवादीगण रास्ते को अपने सहन में मिलाकर उस पर निर्माण करके रास्ते को बन्द कर देना चाहते हैं। अतः उक्त कारणवश प्रतिवादीगण को निषेधित किया जाये।

वाद–पत्र के अभिकथनों व दाखिल नक्शा नजरी से वादीय स्थल की शिनाख्त स्थापित नहीं हो पा रही है। इसकारण इस स्तर पर मौके की स्थिति स्पष्ट न होने के कारण बिना प्रतिवादी/विपक्षीगण को सुनवाई का अवसर दिये प्रार्थना–पत्र 6ग2 पर एकपक्षीय रूप से कोई अन्तरिम आदेश पारित किया जाना न्यायोचित नहीं होगा।

आदेश

विपक्षी/प्रतिवादीगण को नोटिस जारी हो। प्रार्थी पैरवी करे। विपक्षीगण से आपत्ति आमन्त्रित की जाय। पत्रावली वास्ते आपत्ति निस्तारण प्रार्थना–पत्र 6ग2 दिनांक 02.02.2024 को पेश हो।

सिविल जज जू0 डि0
महमूदाबाद, सीतापुर।

J.O. Code- UP3730

प्रार्थना–पत्र 8ग2

प्रार्थी/वादी की ओर से प्रार्थना–पत्र 8ग2 बाबत जारी किये जाने कमीशन प्रस्तुत किया गया।

सुना प्रपत्रों का अवलोकन किया।

न्यायहित में प्रार्थना–पत्र 8ग2 स्वीकार किया जाता है। न्यायालय अमीन/कमिश्नर को कमीशन कार्य हेतु रिट जारी हो। वादी पैरवी करे। बाद पैरवी कमिश्नर नियत तिथि तक कमीशन कार्य निष्पादित कर अपनी आख्या व पैमाईशी मानचित्र प्रस्तुत करें।

सिविल जज जू0 डि0
महमूदाबाद, सीतापुर।

J.O. Code- UP3730

अजय/स्टेनो

Digitally signed by AKSHITA SINGH
Date: 2024.01.19 16:07:13 IST
Reason: Order
Location: Civil Judge J.D./J.M. Mahmudabad, Sitapur.